IZI7DJ

# अध्याय 2 संख्याएँ

संख्याओं को लिखने के लिए हम 0,1,2,3,.......... अंकों का प्रयोग करते हैं। ये अंतर्राष्ट्रीय अंक हैं। संख्याएँ लिखने के लिये देवनागरी लिपि के अंकों का भी उपयोग किया जा सकता है। आओ देखें देवनागरी लिपि के अंक कौन–कौन से हैं।

| अंतर्राष्ट्रीय अंक | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देवनागरी अंक | ० | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ |

तालिका में संख्याओं को अंतर्राष्ट्रीय एवं देवनागरी अंकों का प्रयोग कर लिखा गया है। पहचान कर पढ़ो।

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | १ | एक | 26 | २६ | छब्बीस | 51 | ५१ | इक्यावन | 76 | ७६ | छिहत्तर |
| 2 | २ | दो | 27 | २७ | सत्ताइस | 52 | ५२ | बावन | 77 | ७७ | सतहत्तर |
| 3 | ३ | तीन | 28 | २८ | अट्ठाइस | 53 | ५३ | तिरपन | 78 | ७८ | अठहत्तर |
| 4 | ४ | चार | 29 | २९ | उनतीस | 54 | ५४ | चौवन | 79 | ७९ | उन्यासी |
| 5 | ५ | पाँच | 30 | ३० | तीस | 55 | ५५ | पचपन | 80 | ८० | अस्सी |
| 6 | ६ | छः | 31 | ३१ | इकतीस | 56 | ५६ | छप्पन | 81 | ८१ | इक्यासी |
| 7 | ७ | सात | 32 | ३२ | बत्तीस | 57 | ५७ | सत्तावन | 82 | ८२ | बयासी |
| 8 | ८ | आठ | 33 | ३३ | तैंतीस | 58 | ५८ | अट्ठावन | 83 | ८३ | तिरासी |
| 9 | ९ | नौ | 34 | ३४ | चौंतीस | 59 | ५९ | उनसठ | 84 | ८४ | चौरासी |
| 10 | १० | दस | 35 | ३५ | पैंतीस | 60 | ६० | साठ | 85 | ८५ | पच्चासी |
| 11 | ११ | ग्यारह | 36 | ३६ | छत्तीस | 61 | ६१ | इकसठ | 86 | ८६ | छियासी |
| 12 | १२ | बारह | 37 | ३७ | सैंतीस | 62 | ६२ | बासठ | 87 | ८७ | सत्तासी |
| 13 | १३ | तेरह | 38 | ३८ | अड़तीस | 63 | ६३ | तिरसठ | 88 | ८८ | अठासी |
| 14 | १४ | चौदह | 39 | ३९ | उनतालीस | 64 | ६४ | चौंसठ | 89 | ८९ | नवासी |
| 15 | १५ | पन्द्रह | 40 | ४० | चालीस | 65 | ६५ | पैंसठ | 90 | ९० | नब्बे |
| 16 | १६ | सोलह | 41 | ४१ | इकतालीस | 66 | ६६ | छियासठ | 91 | ९१ | इक्यानवे |
| 17 | १७ | सत्रह | 42 | ४२ | बयालीस | 67 | ६७ | सड़सठ | 92 | ९२ | बानवे |
| 18 | १८ | अठारह | 43 | ४३ | तैंतालीस | 68 | ६८ | अड़सठ | 93 | ९३ | तिरानवे |
| 19 | १९ | उन्नीस | 44 | ४४ | चौवालीस | 69 | ६९ | उनहत्तर | 94 | ९४ | चौरानवे |
| 20 | २० | बीस | 45 | ४५ | पैंतालीस | 70 | ७० | सत्तर | 95 | ९५ | पंचानवे |
| 21 | २१ | इक्कीस | 46 | ४६ | छियालीस | 71 | ७१ | इकहत्तर | 96 | ९६ | छियानवे |
| 22 | २२ | बाईस | 47 | ४७ | सैंतालीस | 72 | ७२ | बहत्तर | 97 | ९७ | सत्तानवे |
| 23 | २३ | तेईस | 48 | ४८ | अड़तालीस | 73 | ७३ | तिहत्तर | 98 | ९८ | अट्ठानवे |
| 24 | २४ | चौबीस | 49 | ४९ | उनचास | 74 | ७४ | चौहत्तर | 99 | ९९ | निन्यानवे |
| 25 | २५ | पच्चीस | 50 | ५० | पचास | 75 | ७५ | पचहत्तर | 100 | १०० | सौ |

## कितनी तीली, कितनी इकाई?



| 1 | एक इकाई |
|---|---|



| 2 | दो इकाइयाँ |
|---|---|




| 3 | तीन इकाइयाँ |
|---|---|




| | |
|---|---|




| | |
|---|---|




| | |
|---|---|



| | |
|---|---|



| | |
|---|---|



| | |
|---|---|









| | |
|---|---|

इनका एक बण्डल बनाते हैं →



| | एक दहाई |
|---|---|

## बण्डल और तीलियों को गिनकर संख्या लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | 1 दहाई | 0 इकाई | 10 | दस |
|  | 1 दहाई | 1 इकाई | 11 | ग्यारह |
|  | __ दहाई | __ इकाइयाँ | ____ | ____ |
|  | __ दहाई | __ इकाइयाँ | ____ | ____ |
|  | __ दहाई | __ इकाइयाँ | ____ | ____ |
|  | __ दहाई | __ इकाइयाँ | ____ | ____ |
|  | 2 दहाइयाँ | 0 इकाई | ____ | ____ |

## संख्या लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 दहाइयाँ 1 इकाई | 21 | 2 दहाइयाँ 5 इकाइयाँ | 25 |
| 3 दहाइयाँ 3 इकाइयाँ | | 4 दहाइयाँ 0 इकाइयाँ | |
| 4 दहाइयाँ 9 इकाइयाँ | | 5 दहाइयाँ 7 इकाइयाँ | |
| 6 दहाइयाँ 9 इकाइयाँ | | 7 दहाइयाँ 8 इकाइयाँ | |
| 8 दहाइयाँ 7 इकाइयाँ | | 9 दहाइयाँ 9 इकाइयाँ | |

## कितनी दहाइयाँ? कितनी इकाइयाँ?

29 2 दहाइयाँ 9 इकाइयाँ        37 ————————————————

60 ————————————————        77 ————————————————

86 ————————————————        53 ————————————————

93 ————————————————        98 ————————————————

## शब्दों में लिखो।

39 उनतालीस        73 ————————————        79 ——————————————

43 ————————————        67 ————————————        87 ——————————————










23 ————————————        75 ————————————        59 ——————————————


94 ————————————        83 ————————————        38 ——————————————

## अंकों में लिखो।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन्नीस | | तेईस | | चौंतीस | |
| बासठ | | इक्यानवे | | उनसठ | |
| छियानवे | | उन्यासी | | इकसठ | |
| नवासी | | सैंतालीस | | निन्यानवे | |

## बण्डलों को गिनो और खाली स्थानों को भरो।

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | 1 दहाई | 10 | दस |
|  | 2 दहाइयाँ | 20 | बीस |
|  | 3 दहाइयाँ | | |
|  | दहाइयाँ | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |



एक बड़ा बण्डल बनाया



10 दहाइयों या 100 इकाइयों से बनता है एक सैकड़ा

1 सैकड़ा = 10 दहाइयाँ = 100 इकाइयाँ

## आओ खेलें खेल

अपने साथियों के साथ इन चीजों को जमा करो–

50 कंकड़

एक पासा

तीस कार्ड, जिनमें 10 लिखा हो 10

छः कार्ड, जिसमें 100 लिखा हो 100



अपने साथियों के साथ छोटे–छोटे समूह बना लो। तुम अपने समूह के साथ घेरा बनाकर बैठो और कंकड़, कार्ड को बीच में रख लो।

पासा फेको और पासे में जो अंक आए, उतने कंकड़ ढेर से उठाकर अपने पास रख लो। यही काम तुम्हारे साथी भी बारी–बारी करें। जिसके दस कंकड़ हो जाएँ वह उनके बदले 10 का एक कार्ड रख ले और दस कंकड़ों को ढेरी में वापस रख दे।

इसी तरह खेलते जाओ। जब किसी के पास दस कार्ड हो जाएँ, वह इन दस कार्ड के बदले 100 का एक कार्ड ले ले और 10 के दस कार्डों को ढेरी में वापस रख दे। खेल तब तक खेलते रहो जब तक सभी को 100 वाला कार्ड न मिल जाए। खेल के अंत में अपने–अपने नाम के आगे लिखो कि तुम्हारे पास 100 के और 10 के कितने कार्ड हैं तथा कितने कंकड़ हैं।












| नाम | 100 के कितने कार्ड | 10 के कितने कार्ड | कितने कंकड़ |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

10 का एक कार्ड कितने कंकड़ों के बराबर है? ☐

100 का एक कार्ड, 10 के कितने कार्ड के बराबर है ? ☐

100 का एक कार्ड कितने कंकड़ों के बराबर है? ☐

## बण्डल और तीलियाँ गिनकर संख्या लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | 1 सैकड़ा 0 दहाई, 1 इकाई | 101 | एक सौ एक |
|  | 1 सैकड़ा, 0 दहाई, 2 इकाइयाँ | 102 | एक सौ दो |
|  | | | |
|  | | | |
|  | 1 सैकड़ा, 1 दहाई, 0 इकाई | 110 | एक सौ दस |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |
|  | | | |

## संख्या लिखो।




| | |
|---|---|
| 2 सैकड़े, 5 दहाइयाँ, 3 इकाइयाँ | 253 |
| 5 सैकड़े, 3 दहाइयाँ, 1 इकाई | |
| 1 सैकड़ा, 0 दहाई, 9 इकाइयाँ | |
| 9 सैकड़े, 3 दहाइयाँ, 4 इकाइयाँ | |
| 4 सैकड़े, 4 दहाइयाँ, 7 इकाइयाँ | |
| 9 सैकड़े, 9 दहाइयाँ, 9 इकाइयाँ | |

## इकाई, दहाई, सैकड़े के रूप में लिखो।


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 129 → | 1 | सैकड़ा | 2 | दहाइयाँ | 9 | इकाइयाँ |
| 972 → | | सैकड़े | | दहाइयाँ | | इकाइयाँ |
| 738 → | | सैकड़े | | दहाइयाँ | | इकाइयाँ |
| 888 → | | सैकड़े | | दहाइयाँ | | इकाइयाँ |
| 307 → | | सैकड़े | | दहाई | | इकाइयाँ |
| 600 → | | सैकड़े | | दहाई | | इकाई |

## देखो और समझो।


एक इकाई →





एक दहाई →





एक सैकड़ा →






## गिनतारा देखो और संख्या लिखो।






101



| सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|

| सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|

संख्याओं को शब्दों में लिखो और गिनतारे में मोती भी डालो।

| सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|

432


चार सौ बत्तीस

| सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|

389

| सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|

596



910


367

999


472

666


# देखो, समझो और लिखो ।




एक सैकड़ा, दो दहाइयाँ, एक इकाई [121] एक सौ इक्कीस




—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाइयाँ [ ] ——————————




—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाई [ ] ——————————




—— सैकड़े, ——दहाइयाँ, —— इकाइयाँ [ ] ——————————




—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाइयाँ [ ] ——————————




—— सैकड़े, ——दहाइयाँ —— इकाइयाँ [ ] ——————————




—— सैकड़े, ——दहाइयाँ, —— इकाई ——————————




—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाई ——————————




—— सैकड़े, ——दहाइयाँ, —— इकाइयाँ ——————————



—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाइयाँ ——————————



—— सैकड़े, ——दहाई, —— इकाई ——————————



—— सैकड़े, ——दहाइयाँ, —— इकाइयाँ ——————————

## संख्याओं को शब्दों में लिखो।

| | |
|---|---|
| 221 | दो सौ इक्कीस |
| 618 | |
| 798 | |
| 669 | |
| 810 | |
| 300 | |
| 120 | |
| 89 | |
| 918 | |



## अंकों में लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| एक सौ आठ | | चार सौ पन्द्रह | |
| सात सौ छप्पन | | आठ सौ उन्नीस | |
| तीन सौ इक्यानवे | | नौ सौ निन्यानवे | |
| पाँच सौ उनसठ | | एक सौ सत्तासी | |
| छः सौ चौबीस | | सात सौ सतहत्तर | |

## पूछे गये अंक पर घेरा ◯ लगाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सैकड़े का अंक | (1) 0 1 | दहाई का अंक | 4 3 9 |
| इकाई का अंक | 2 0 (9) | इकाई का अंक | 8 0 8 |
| दहाई का अंक | 5 (5) 5 | सैकड़े का अंक | 2 5 9 |
| इकाई का अंक | 7 9 9 | दहाई का अंक | 7 5 5 |
| सैकड़े का अंक | 1 9 0 | सैकड़े का अंक | 6 8 9 |
| दहाई का अंक | 1 2 1 | इकाई का अंक | 5 6 1 |

## सही या गलत लिखो।

427 में
- 4 सैकड़े
- 7 इकाइयाँ
- 2 दहाइयाँ

[सही]

209 में
- 9 इकाइयाँ
- 0 दहाई
- 2 सैकड़े

[ ]

784 में
- 4 दहाइयाँ
- 8 सैकड़े
- 7 इकाई

[ ]

765 में
- 5 इकाइयाँ
- 6 दहाइयाँ
- 7 सैकड़े

[ ]

321 में { 1 इकाई, 3 सैकड़े, 2 दहाइयाँ } ☐

878 में { 8 इकाइयाँ, 8 दहाइयाँ, 7 सैकड़े } ☐

555 में { 5 इकाइयाँ, 5 सैकड़े, 5 दहाइयाँ } ☐

909 में { 9 इकाइयाँ, 9 सैकड़े, 0 दहाई } ☐

## अंकित मान और स्थानीय मान

जब तुमसे कोई पूछता है–

तुम्हारे पास कितनी किताबें हैं? तुम्हारे कितने दोस्त हैं? तुम्हारी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

तब तुम उत्तर में कोई संख्या बोलते हो।

जब तुम इस संख्या को स्लेट या कापी पर लिखते हो, तो तुम्हें 0,1,2,3.........9, जैसे कुछ अंकों की सहायता लेनी पड़ती है।

एक से सौ तक की गिनती तुम्हारी किताब में लिखी हुई है। इन्हें ध्यान से देखो और पता करो कि–

वे अंक कौन–कौन से हैं, जिनकी सहायता से हम गिनती लिखते हैं? उन्हें ढूँढ़ो और यहाँ लिखो–

———————————————————————————



अब एक संख्या 66 पर विचार करो।

यह संख्या, अंक 6 को दो बार लिखने से बनी है।

इकाई में 6 और दहाई में भी 6 है।

तुमने पढ़ा है कि इकाई में लिखा हुआ 6 का अंक 6 इकाइयों को प्रदर्शित करता है। जबकि दहाई में लिखा हुआ 6 का अंक 60 इकाइयों को प्रदर्शित करता है।

यहाँ यह पता चलता है कि 6 का मान अलग–अलग स्थानों पर अलग–अलग होता है। ये सभी मान 6 के **स्थानीय** मान कहलाते हैं। इसके अलावा इन अंकों का एक

अंकित मान भी होता है। आओ देखें, किसी अंक का अंकित मान कितना होता है।

| सै. | द. | इ. |
|---|---|---|
| 2 | 0 | 6 |

6 का अंकित मान 6 है।

0 का अंकित मान 0 है।

2 का अंकित मान 2 है।

## अब तुम बताओ

| सै. | द. | इ. |
|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 |

5 का अंकित मान ––– है।

9 का अंकित मान ––– है।

6 का अंकित मान ––– है।

| सै. | द. | इ. |
|---|---|---|
| 4 | 0 | 5 |

4 का अंकित मान ––– है।

0 का अंकित मान ––– है।

5 का अंकित मान ––– है।

यह तो संख्या में आए अंकों के अंकित मान हैं। दो अंकों से बनी संख्याओं के अंकों के स्थानीय मान भी तुम बताना जानते हो। किन्तु किसी संख्या के सैकड़े में भी कोई अंक हो तो उसका स्थानीय मान कैसे बताएँ? आओ, एक संख्या लें और बात करें।

संख्या 728 में इकाई के स्थान पर 8 का अंक है। यह आठ इकाइयों को प्रदर्शित करता है। इसलिए इकाई पर लिखे इस 8 का स्थानीय मान 8 है।

728 में दहाई के स्थान पर 2 का अंक है। यह दो दहाइयों अर्थात् बीस इकाइयों को प्रदर्शित करता है। इसलिए दहाई पर लिखे 2 का स्थानीय मान 20 है।

इसी तरह 728 में सैकड़े के स्थान पर 7 का अंक है। यह सात सैकड़े अर्थात् सात सौ इकाइयों को प्रदर्शित करता है।

इसलिए सैकड़े पर लिखे 7 का स्थानीय मान 700 है।

इसी तरह 444 में

इकाई के 4 का स्थानीय मान = 4,

दहाई के 4 का स्थानीय मान = 40,

और सैकड़े के 4 का स्थानीय मान = 400

## अभ्यास

1. रेखांकित अंकों के स्थानीय मान लिखो।

| | | |
|---|---|---|
| 8 0 $\underline{8}$.................. | $\underline{7}$ 7 0 .................. | 6 $\underline{4}$ 0 .................. |
| 8 $\underline{8}$ 8 .................. | 5 2 $\underline{0}$ .................. | $\underline{4}$ 0 0 .................. |

2. अब अपनी स्लेट पर तुम भी कुछ संख्याएँ लिख लो। उनमें आए अंकों के अंकित मान और स्थानीय मान अपने साथियों से पूछो।

3. मिलान करो।

| | |
|---|---|
| 532 में 3 का स्थानीय मान | 3 |
| 804 में 0 का स्थानीय मान | 600 |
| 666 में सैकड़े के अंक का स्थानीय मान | 30 |
| 553 में 3 का स्थानीय मान | 40 |
| 440 में दहाई के अंक का स्थानीय मान | 0 |

4. नीचे कुछ संख्याएँ दी गईं हैं। हर एक संख्या के किसी एक अंक का स्थानीय मान भी दिया गया है। जिस अंक का स्थानीय मान दिया गया है, उस पर घेरा लगाओ।

| | | |
|---|---|---|
| ⑧ 8 5 → 800 | 311 → 1 | 999 → 900 |
| 4 8 4 → 400 | 515 → 500 | 282 → 2 |

5. वह संख्या लिखो, जिसका इकाई का अंक 2, दहाई का अंक 5 और सैकड़े का अंक 7 है।

______________________________________________

6. ऐसी संख्या लिखो जिसका इकाई का अंक 0, दहाई का अंक 0 और सैकड़े का अंक 1 हो।

______________________________________________

7. वह संख्या लिखो जिसका इकाई, दहाई और सैकड़े का अंक 9 हो।

______________________________________________

8. 555 के तीनों 5 के स्थानीय मानों को लिखो।

______________________________________________

9. ऐसी तीन संख्याएँ लिखो जिसमें दहाई का अंक 0 हो।


————————————————————————————

10. 901 में इकाई एवं सैकड़े के अंकों को आपस में बदल दें तो कौन सी संख्या मिलेगी?

————————————————————————————

## संख्याओं का विस्तारित रूप

हमने किसी संख्या में आए अंकों का स्थानीय मान बताना सीख लिया है। आओ कोई संख्या लें। उसके सभी अंकों के स्थानीय मान लिखें और उन्हें जोड़ कर देखें, क्या होता है ?




726 तीन अंकों वाली एक संख्या है।

यहाँ 6 का स्थानीय मान 6

2 का स्थानीय मान 20

और 7 का स्थानीय मान 700 है।

अब इन्हें जोड़ो –

$$\begin{array}{r} 6 \\ 2\ 0 \\ +\ 7\ 0\ 0 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

कौन सी संख्या मिलती है ? ——————————

*तुमने देखा, किसी संख्या के सभी अंकों के स्थानीय मान को जोड़ने पर फिर वही संख्या मिल जाती है।*

तो क्या हम ऐसा लिख सकते हैं?

726 = 700 + 20 + 6

चलो एक और संख्या 258 के साथ भी यही काम करें।

258 में 8 का स्थानीय मान – ————————

5 का स्थानीय मान – ————————

2 का स्थानीय मान – ————————

इन सभी का जोड़ – ————————

क्या जोड़ने पर फिर से 258 मिला?

पहले उदाहरण में हमने लिखा

726 = 700 + 20 + 6

यहाँ 700 + 20 + 6 को हम 726 का विस्तारित रूप कहते हैं।

अब तुम 258 का विस्तारित रूप लिखो –

258 = ———— + ———— + ————

## अभ्यास

1. संख्याओं के विस्तारित रूप लिखो।

393 = 300 + 90 + 3 630 =——— + ——— + ———

424 =——— + ——— + ——— 339 =——— + ——— + ———

905 =——— + ——— + ——— 440 =——— + ——— + ———

766 =——— + ——— + ——— 345 =——— + ——— + ———

555 =——— + ——— + ——— 987 =——— + ——— + ———

2. संख्याओं के विस्तारित रूप दिए गये हैं। संख्याएँ लिखो।

500 + 70 + 8 = 578 700 + 50 + 1 = ———

900 + 50 + 4 = ——— 200 + 60 = ———

900 + 70 + 6 = ——— 600 + 90 + 3 = ———

100 + 20 + 2 = ——— 500 + 7 = ———

300 + 60 + 9 = ——— 400 + 30 + 6 = ———

3. शिक्षक ने संख्याओं को तख्तियों में विस्तारित रूप से लिखकर क्रम से टाँगा था। किसी बच्चे ने कुछ संख्याओं को मिटा दिया और कुछ तख्तियों के क्रम को भी बदल दिया।

तुम पहले टंगी हुए खाली तख्तियों में मिटी हुई संख्याओं को लिखो, फिर उन्हें विस्तारित रूप में उनके सामने खाली स्थान में लिखो।

561 =  + 

+ 

=——— + ——— + ———

685 = 

+  + 


=——— + ——— + ———

566 = [6] + [ ] + [60] = ---- + --- + ---


890 = [0] + [90] + [ ] = ---- + --- + ---

305 = [300] + [ ] + [0] = ---- + --- + ---


## आओ तुलना करें।




रानी मंगल




रानी बड़ी है मंगल से



7 बड़ा है 4 से, इसे लिखते हैं $7 > 4$






मंगल छोटा है रानी से

4 छोटा है 7 से, इसे लिखते हैं $4 < 7$

## अब एक और स्थिति देखो ।



दो बराबर है दो के यानी 2 = 2



चंदन बराबर है टीना के

### पढ़ो–

12 > 3

बारह बड़ा है तीन से

116 > 110

एक सौ सोलह बड़ा है एक सौ दस से

196 < 201 से

एक सौ छियानवे छोटा है दो सौ एक से

980 < 999

नौ सौ अस्सी छोटा है नौ सौ निन्यानवे से

< छोटा है।
> बड़ा है।
= बराबर है।

## अभ्यास

1. संख्याओं को पहचान कर उनके बीच <, > या = का चिह्न लगाओ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | ☐ | 3 | 40 | ☐ | 20 | 35 | ☐ | 53 |
| 31 | ☐ | 21 | 61 | ☐ | 60 | 99 | ☐ | 100 |
| 152 | ☐ | 252 | 307 | ☐ | 307 | 453 | ☐ | 453 |
| 666 | ☐ | 999 | 799 | ☐ | 800 | 909 | ☐ | 909 |
| 696 | ☐ | 669 | 450 | ☐ | 540 | 69 | ☐ | 96 |

2. संख्याओं को घटते क्रम में लिखो।



8, 34, 29 — 34, 29, 8

50, 10, 40 — ——, ——, ——

121, 139, 61 — ——, ——, ——

100, 209, 512 — ——, ——, ——

700, 200, 400 — ——, ——, ——

3. संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखो।



7, 45, 21 — 7, 21, 45

499, 299, 699 — ——, ——, ——

215, 351, 151 — ——, ——, ——

601, 309, 700 — ——, ——, ——


100, 900, 300 — ——, ——, ——

4. क्रम से अगली तीन संख्याएँ लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 127 | 128 | 129 | 130 |
| 418 | | | |
| 667 | | | |
| 573 | | | |
| 888 | | | |

5. क्रम से पहले की तीन संख्याएँ लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 105 | 104 | 103 | 102 |
| 365 | | | |
| 201 | | | |
| 967 | | | |
| 500 | | | |



## 6. दी हुई संख्याओं के बीच की संख्या लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 125 | 126 | 127 | 168 | | 170 |
| 778 | | 780 | 874 | | 876 |
| 399 | | 401 | 555 | | 557 |
| 485 | | 487 | 609 | | 611 |

## 7. ठीक पहले और ठीक बाद में आने वाली संख्या लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 98 | 99 | 100 | | 601 | |
| | 840 | | | 300 | |
| | 778 | | | 499 | |
| | 515 | | | 222 | |

## सम एवं विषम संख्याएँ

पिछली कक्षा में तुमने पढ़ा है कि–

किसी संख्या के बराबर कंकड़ लेकर उनके जोड़े बनाने पर यदि कंकड़ों के जोड़े बन जाएँ और एक भी कंकड़ शेष न रहे, तो वह संख्या सम संख्या कहलाती है। यदि कंकड़ों के जोड़े न बन पाएँ और एक कंकड़ अंत में शेष रह जाए, तो वह संख्या विषम संख्या कहलाती है।



1. 1 से 30 तक की संख्याओं में से सम संख्याओं को नीचे बने खानों में लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

2. इन सम संख्याओं की इकाई के अंकों को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

3. इन सम संख्याओं में इकाई के स्थान पर कौन–कौन से अंक बार–बार आ रहे हैं ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|

4. 1 से 30 तक की संख्याओं में विषम संख्याओं को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

5. इन विषम संख्याओं की इकाई के अंकों को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

6. इन विषम संख्याओं में इकाई के स्थान पर कौन–कौन से अंक बार–बार आ रहे हैं ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|

7. अब 31 से 60 तक की सम संख्याओं को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

8. इनमें इकाई के स्थान पर कौन–कौन से अंक बार–बार आ रहे हैं?

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

9. 31 से 60 तक की विषम संख्याओं को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

10. इन संख्याओं के इकाई के अंकों को लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

11. इनमें इकाई के स्थान पर कौन–कौन से अंक बार–बार आ रहे हैं ?

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

नीचे कुछ संख्याएँ दी गईं हैं। इनमें सम संख्याओं पर ◯ लगाओ और विषम संख्याओं पर ☐ बनाओ ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ④ | [45] | 86 | 97 | 126 | 315 | 221 | 900 |
| 68 | 37 | 61 | 79 | 501 | 112 | 423 | 995 |

आगे की दो सम संख्याएँ लिखो।

1. 208, 210, 212, 214, 216

2. 556, 558, 560 —— ——

3. 114, 118, 122 —— ——

4. 410, 420, 430, —— ——



## आओ खेलें।

कागज के 40—50 टुकड़े लो। अपने साथियों के साथ मिलकर इन टुकड़ों पर 100 से बड़ी संख्याएँ लिखो। इन्हें मोड़कर एक डिब्बे में रख दो। अब बारी—बारी से एक टुकड़ा उठाओ और उस पर लिखी संख्या पढ़ो। फिर बताओ, वह संख्या सम है या विषम।

अपनी कॉपी पर सम संख्या और विषम संख्या की तालिका बना लो। अपने टुकड़े पर लिखी संख्या को तालिका में ठीक जगह पर लिखो।

| सम संख्या | विषम संख्या |
|---|---|
| | |



अन्त में एक दूसरे की कॉपी में देखो, ठीक लिखा है या नहीं।

## यह भी करो

डिब्बे में से कोई 5 पर्चियाँ निकालो। पर्चियों पर लिखी संख्याओं को पढ़ो। फिर उन संख्याओं को बढ़ते क्रम में जमाओ और लिखो। अपने सभी साथियों को बारी—बारी से ऐसा करने को कहो।

फिर से बारी—बारी 5—5 पर्चियाँ निकालो। पर्ची में लिखी संख्याओं को घटते क्रम में जमाओ और लिखो।

## क्रम पहचानो और आगे की तीन—तीन संख्याएँ लिखो।

1. 102 104, 106, 108, 110, 112

2. 113, 115, 117 –––, –––, ––––,

3. 220 225, 230 –––, –––, ––––,

4. 430 440 450 –––, –––, ––––,

5. 72, 82, 92, –––, –––, ––––,

6. 499, 599, 699, –––, –––, ––––,

7. 389, 379, 369, –––, –––, ––––,

8. 392, 382, 372, –––, –––, ––––,

9, 100, 200, 300, –––, –––, ––––,

10. 111, 222, 333 –––, –––, ––––,




## अब बताओ –

1. तीन अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या कौन–सी है? ––––––––––
2. इन संख्याओं को लिखो –
   एक अंक वाली सबसे छोटी संख्या ––––––––––
   दो अंकों वाली सबसे छोटी संख्या ––––––––––
   तीन अंकों वाली सबसे छोटी संख्या ––––––––––
   चार अंकों वाली सबसे छोटी संख्या क्या होगी? ––––––––––
3. इन संख्याओं को लिखो –
   एक अंक वाली सबसे बड़ी संख्या ––––––––––
   दो अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या ––––––––––
   तीन अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या ––––––––––
   चार अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या क्या होगी? ––––––––––

## आओ कुछ संख्याएँ बनाएँ।

1. यदि हमें 7 और 3, दो अंक दिए गए हैं तो इनसे मिलकर बनने वाली संख्याएँ होंगी–
   73 और 37
2. 1 और 5 से बनने वाली संख्याएँ होंगी–
   15 और 51

3. इसी तरह 2, 8 और 5 से बनने वाली संख्याएँ होंगी–

285, 258, 528, 582, 852, 825

अब एक से नौ तक के अंक कार्ड लो। इनमें से कोई दो कार्ड निकालो। इन्हें अलग–अलग तरह से ऐसे जमाओ कि अलग–अलग संख्याएँ बनें।

इसी तरह दो–दो कार्ड निकालते जाओ और हर बार बनने वाली संख्याएँ अपने साथियों को बताओ।

अब कोई तीन कार्ड लो और तीन अंकों वाली अलग–अलग संख्याएँ बनाओ। अपने साथियों से भी संख्याएँ बनाने को कहो। देखो, किसने सबसे ज्यादा संख्याएँ बनाईं।

## करके सीखो



1. दिए गए अंकों से संख्याएँ बनाओ।

(1) 2, 7 ———————, ———————,

(2) 5, 2 ———————, ———————,

(3) 8, 3 ———————, ———————,

(4) 3, 1 ———————, ———————,

इनमें से हर एक में जो संख्या बड़ी है उस पर घेरा लगाओ।

2. दिए गए अंकों से तीन अंकों वाली कौन–कौन सी संख्याएँ बनेंगी लिखो।

(1) 3, 4, 1, ——————, ——————, ——————,

(2) 1, 2, 9 ——————, ——————, ——————,

(3) 3, 7, 8 ——————, ——————, ——————,

(4) 0, 5, 6 ——————, ——————, ——————,

(5) 4, 1, 0 ——————, ——————, ——————,

इनमें से हर एक में जो संख्या छोटी है, उस पर घेरा लगाओ।

## इबारती प्रश्न

1. मैं 7 सैकड़े, 8 इकाइयों और 9 दहाइयों से बनी एक संख्या हूँ। बताओ मैं कौन सी संख्या हूँ?

————————————————————————————————

2. किसी संख्या के इकाई के अंक का अंकित मान 5 है दहाई के अंक का अंकित मान 4 है। बताओ वह कौन–सी संख्या है?

————————————————————————————————

3. 90 के बाद की पहली विषम संख्या क्या है ?

———————————————

4. 98 के ठीक पहले की सम संख्या क्या है ?

———————————————




5. 100 से ठीक पहले की संख्या लिखो।

———————————————

6. नौ में एक मिलाने पर कौन–सी संख्या मिलती है?

———————————————————————————————

7. मेरे इकाई के अंक का स्थानीय मान 5 और दहाई के अंक का स्थानीय मान 50 है। बताओ मैं कौन सी संख्या हूँ ?

———————————————————————————————

8. तीन अंकों वाली सबसे छोटी संख्या और दो अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या का अंतर लिखो।

———————————————————————————————

9. मैं तीन अंकों वाली एक संख्या हूँ। मेरे इकाई का अंक 4 है। बताओ मैं सम संख्या हूँ या विषम संख्या ?

———————————————————————————————

10. वह संख्या लिखो जो तीन अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या से ठीक पहले आती है।

———————————————————————————————

11. दो अंकों वाली ऐसी पाँच सम संख्याएँ लिखो जिनके दहाई का अंक 5 है।

———————————————————————————————

12. दो अंकों वाली ऐसी पाँच विषम संख्याएँ लिखो, जिनके दहाई का अंक 8 है।

———————————————————————————————

13. ऐसी तीन संख्याएँ लिखो जिनमें इकाई का अंक, दहाई के अंक का दुगुना हो।

J6CUUF

————————————————

————————————————

————————————————

